# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

**(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)**

**बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग**

बिहार सरकार

विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in


पत्रांक: BRLPS/LSBA/Proj/61/18/123 दिनांक 15/05/2018

प्रेषक,

**राजीव कुमार सिंह, बि० प्र० से०**
प्रशासी पदाधिकारी–सह–राज्य समन्वयक।

सेवा में,

**उप विकास आयुक्त–सह–उपाध्यक्ष,**
जिला जल एवं स्वच्छता समिति,
पटना, खगड़िया।

**विषय: GOBAR-Dhan योजना को आपके जिले के चयनित ग्राम पंचायत में क्रियान्वित किये जाने के संबंध में।**

महाशय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में सूचित करना है कि जिलों में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन से संबंधित कार्य किया जा रहा है। विदित हो कि ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के अंतर्गत पेय जल एवं स्वच्छता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा GOBAR-Dhan योजना की शुरुआत की गयी है। जिसका क्रियान्वयन राज्य में किया जाना है।

उक्त क्रियान्वयन हेतु राज्य स्तर से आपके जिले यथाः खगड़िया में रामपुर ग्राम पंचायत और पटना में पूर्वी पंडारक ग्राम पंचायत का सीताराम बगही ग्राम का चयन प्रारंभिक तौर पर कार्य करने के लिए किया गया है।

अतः निदेशानुसार अनुरोध है कि इन ग्राम पंचायतों में योजना कि शुरुआत किये जाने हेतु ग्राम सभा आयोजित कर आवश्यकताओं और संसाधनों की खाका तैयार कर अग्रेतर कारवाई हेतु प्रखण्ड के माध्यम से जिला जल एवं स्वच्छता समिति स्तर से अनुशंसित कराते हुये राज्य स्तर को अनुमोदन हेतु भेजा जाए। साथ ही ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन हेतु तैयार DPR को ग्राम सभा से पारित कर प्रति भी संलग्न कि जाए। कृपया सभी दस्तावेजों को दिनांक 25/05/2018 तक भेजना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन

15/5/18

(राजीव कुमार सिंह)

**प्रतिलिपि:** सभी जिला समन्वयक एवं जिला सलाहकार– SLWM, पटना एवं खगड़िया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि:** जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, पटना एवं खगड़िया को सूचनार्थ प्रेषित।